## पुरानी रंजिश का खौफनाक अंत: पिता से विवाद का बदला लेने के लिए पड़ोसी ने बच्चे को उतारा मौत के घाट

# 11 साल के मासूम की हंसिया से गला रेतकर हत्या, नीले ड्रम में छिपाया शव

सतना।

कोलगवां थाना क्षेत्र की बैंक कॉलोनी सोमवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात से दहल उठी। यहाँ महज 11 साल के मासूम शिवराज रजक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी ने साक्ष्य मिटाने की नीयत से मासूम के शव को घर के अंदर ही एक नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम में छिपा दिया था। मृतक शिवराज रजक 11 वर्ष,कक्षा 5 वीं का छात्र था आरोपी मथुरा रजक 45 वर्ष, प्रेस की दुकान संचालित करता है। उसने घास काटने वाला हंसिया हत्या करने के लिए इस्तेमाल किया। बताया जाता है कि पिता से पुरानी रंजिश और आपसी विवाद लंबे समय से चल रहा था।





### सन्नाटे का फायदा उठाकर दी मौत की घटना को अंजाम

घटना सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है। शिवराज उस वक्त घर में अकेला था। उसकी मां घरों में काम करने गई थी,बड़ी बहन कॉलेज में थी और बड़ा भाई मजदूरी पर गया था। पिता रमेश रजक काम के सिलसिले में महाराष्ट्र (नासिक) में थे। सूने घर का फायदा उठाकर आरोपी मथुरा रजक भीतर घुसा और हंसिया से मासूम का गला रेत दिया।

### खोजबीन में खुला खौफनाक राज

दोपहर में जब मां आशा रजक काम से लौटीं,तो शिवराज को न पाकर घबरा गईं। आसपास तलाशने पर भी जब वह नहीं मिला,तो पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची कोलगवां पुलिस ने जब घर की बारीकी से तलाशी ली,तो एक नीले ड्रम के अंदर शिवराज का खून से लथपथ शव देखकर सबके होश उड़ गए।

### हत्या की वजह: रंजिश की आग में जला मासूम

पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मथुरा रजक का मृतक के पिता रमेश रजक से कुछ समय पहले विवाद हुआ था। माना जा रहा है कि इसी विवाद का बदला लेने के लिए आरोपी ने निर्दोष बच्चे को अपना निशाना बनाया। मृतक का परिवार बेहद गरीब है। पिता नासिक में टाइल्स फैक्ट्री में काम करते हैं,जबकि मां दूसरों के घरों में काम कर गुजर-बसर करती हैं। बैंक कॉलोनी में इस नृशंस हत्या के बाद से सन्नाटा पसरा हुआ है और लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी तेज कर दी है। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

*आरोपी मथुरा रजक वारदात के बाद से ही अपनी दुकान बंद कर और मोबाइल स्विच ऑफ कर फरार है। पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।*

**-पुलिस प्रशासन**

## भीषण गर्मी का प्रकोप: पारा और बढ़ेगा

**सतना।** वैशाख महीने के दूसरे हफ्ते से ही समूचा विंध्य क्षेत्र भीषण तपिश की चपेट में है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक आर.के. श्रीवास्तव के अनुसार,रविवार को अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जबकि सोमवार को भी पारा 42-43 डिग्री के आसपास बना रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि यदि कोई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं होता है,तो अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को छू सकता है।तेज धूप और लू (गर्म हवाओं) के कारण दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। लोग केवल अनिवार्य कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं,वह भी सिर और चेहरे को कपड़े से ढंककर। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की है,जिसमें आमजन को सलाह दी गई है कि वे दोपहर के समय यथासंभव घर के भीतर रहें और खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए शीतल पेयजल,फलों का जूस और अन्य तरल पदार्थों का निरंतर सेवन करें। फिलहाल न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री के आसपास बना हुआ है,जिससे रातों में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।



## लोकतंत्र बचाओ महा रैली: ग्राम पंचायत भेड़ा में भव्य आयोजन, उर्मलिया की कांग्रेस में वापसी



**मैहर।** मैहर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़ा में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पंडित रामनिवास उर्मलिया की कांग्रेस पार्टी में वापसी कराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे,जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में शिवप्राण प्रतिष्ठा,स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान तथा लोकतंत्र बचाओ महासभा मिलन का आयोजन किया गया। तीनों आयोजनों के संगम ने कार्यक्रम को विशेष और व्यापक बना दिया,जिसमें जनसमूह की भारी भागीदारी रही। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल भैया),डॉ.राजेंद्र सिंह,नीलांशु चतुर्वेदी,महेंद्र सिंह चौहान, दिलीप मिश्रा,आर.के.सिंह,आदित्य सिंह,वीरेंद्र सिंह,चूड़ामणि सिंह,गीता सिंह पवार,सौरभ बुजेंद्र शर्मा, मनीष तिवारी,योगेंद्र प्रताप सिंह,वीरेंद्र सिंह बुंदेला,देवेंद्र अग्रवाल,दीपक अग्रवाल सहित कई कांग्रेस नेता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही आयोजन में श्रीनिवास उर्मलिया,श्रीधर उर्मलिया,श्रीमती संजुला उर्मलिया एवं विष्णुधर उर्मलिया की विशेष सहभागिता रही। नेताओं ने अपने संबोधन में लोकतंत्र की मजबूती,जनहित के मुद्दों और संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया। पंडित रामनिवास उर्मलिया की कांग्रेस में वापसी पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और पूरे कार्यक्रम में जोश और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन के बाद श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनसमूह के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया,जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक,सामाजिक और राजनीतिक आयोजनों के संगम के रूप में यह कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और इसे एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।

## स्मार्ट सिटी में नालियों की सफाई व्यवस्था फेल, कॉलोनियों में गंदगी से हाहाकार



### मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान, मध्य भारत मोर्चा ने नगर निगम को घेरा

**सतना।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्ट सिटी के तहत सतना को करोड़ों रुपए का बजट मिला, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के मुख्य चौराहों को छोड़ दें तो कॉलोनियों और मोहल्लों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

नालियों की सफाई न होने से रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है। मध्य भारत मोर्चा के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शासन की मदद से नगर निगम स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रहा है। इसका लाभ सिर्फ शहर के 4-5 चौराहों को मिला है। अंदर की कॉलोनियों की स्थिति बद से बदतर है। नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं,जिससे नालियां पूरी तरह जाम हैं। उन्होंने मांग की कि नगर निगम सिर्फ दिखावे की जगह पूरे शहर में समान रूप से सफाई अभियान चलाए, ताकि आम जनता को स्मार्ट सिटी का असली लाभ मिल सके और बीमारियां न फैलें।

## अजय सिंह राहुल भैया और राजेंद्र सिंह दादा भाई के बीच हुई मुलाकात

**सतना।** विंध्य की राजनीति में सोमवार को एक दुर्लभ दृश्य देखने को मिला, जब पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल' और पूर्व मंत्री डॉ.राजेंद्र सिंह एक साथ नजर आए। दरअसल,मैहर के भेड़ा गांव में रामनिवास उर्मलिया द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ पंच-सरपंच सम्मेलन' और शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अजय सिंह, डॉ. राजेंद्र सिंह के अमरपाटन स्थित निवास 'शांति निकेतन' पहुंचे। राजनीतिक गलियारों में इन दोनों दिग्गजों के साथ आने की चर्चा जोरों पर है, क्योंकि पिछले दो दशकों में ऐसे मुश्किल से 8-10 मौके ही आए हैं जब दोनों नेता एक मंच या एक साथ दिखे हों। जैसे ही इस मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई,कार्यकर्ताओं ने इसके अलग-अलग मायने निकालने शुरू कर दिए। मुलाकात के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिलीप मिश्रा,महेंद्र सिंह चौहान और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसे विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस की गुटबाजी खत्म होने और एकजुटता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सतना में निकली भव्य शोभायात्रा



**सतना।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को सतना शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय वेंकटेश मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के संरक्षक पं.कमलाकर चतुर्वेदी और समाजसेवी रत्नाकर चतुर्वेदी 'शिवा' द्वारा किए गए विशेष पूजन-हवन और आरती से हुई। इसके पश्चात ब्राह्मण एकता समन्वय समिति के तत्वावधान में मुख्य शोभायात्रा जनकपुरी गुरुनानक दरबार के पास से प्रारंभ हुई।यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई सुभाष पार्क पहुंची,जहां भगवान परशुराम को नमन करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में विप्र समाज के लोग केसरिया झंडे और जयकारों के साथ शामिल हुए। रत्नाकर चतुर्वेदी ने पहले ही समाज के सभी वर्गों से इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनने का आह्वान किया था। समापन स्थल पर समाज की एकजुटता और धर्म की रक्षा का संकल्प लिया गया।

### शोभा यात्रा का बिहारी चौक में भव्य स्वागत

आज अक्षय तृतीया पर श्री भगवान परशुराम जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा का शहर के मध्य बिहारी चौक पहुंचने पर समाजसेवी मनीष तिवारी की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया,इस अवसर पर घंटे घड़ियाल बजा कर भगवान की आरती उतारी गई,माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर गगन भेदी नारेबाजी भी की गई,तत्पश्चात सभी यात्रा में शामिल हुए।

## महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस का रुख: 'बीजेपी कर रही है ढोंग'



**सतना।** प्रदेश कांग्रेस महिला महासचिव आरती सिंह ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में तो है,लेकिन जिस तरह से 'परिसीमन' का ड्राफ्ट तैयार किया गया है,पार्टी उसका पुरजोर विरोध करती है। आरती सिंह के अनुसार,सत्ताधारी दल परिसीमन की आड़ में अपनी सुविधा के अनुसार सीटों की काट-छांट कर चुनावी लाभ लेना चाहता है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि महिला आरक्षण की शुरुआत कांग्रेस ने ही की थी। साल 2010 में राज्यसभा में इस बिल को इसलिए पास कराया गया था ताकि यह लैप्स न हो,लेकिन तत्कालीन विपक्षी दल (भाजपा) ने इसे लोकसभा में पारित होने नहीं दिया। कांग्रेस की मांग है कि 2023 के कानून के तहत वर्तमान 543 लोकसभा सीटों पर ही तत्काल 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। आरती सिंह ने जोर देकर कहा कि देश की पहली महिला राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस ने ही दिए हैं, इसलिए कांग्रेस को महिला विरोधी कहना गलत है। इस मौके पर डॉली चौरसिया, साधना कपूर और हेमलता सिंह सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, सैकड़ों पेड़ झुलसे

सतना।

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महदेवा में एक दुखद घटना सामने आई है,जहाँ कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने स्कूल परिसर में लगे पेड़ों में आग लगा दी। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है,जब स्कूल बंद हो चुका था और सभी शिक्षक व विद्यार्थी अपने घर जा चुके थे। शाम करीब 4:30 बजे पार्षद अच्छेलाल कोल ने प्रधानाध्यापक आलोक त्रिपाठी को फोन पर इसकी सूचना दी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए कड़ी मेहनत से 600 से अधिक पौधे रोपे थे। इस आगजनी में करीब 100 पेड़ बुरी तरह झुलस गए हैं। पार्षद और स्कूल प्रबंधन ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों में भारी आक्रोश है। प्रधानाध्यापक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह की हरकत करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### चित्रकूट में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सतना।** बरौंधा थाना क्षेत्र के लालापुर (पाथरकछार) में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। इटवा (उत्तरप्रदेश) की रहने वाली 20 वर्षीय कविता यादव ने अपने नाना के घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 1 से 5 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित

**सतना।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सतना जिले में समस्त शासकीय,अशासकीय,केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय,आईसीएसई,सीबीएसई एवं अन्य मान्यता प्राप्त समस्त शालाओं में कक्षा एक से कक्षा पांच तक का अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार भीषण गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए कक्षा 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 21 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश में बताया गया है कि हाल ही में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है और आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक कार्य संपादित करें। यह आदेश 21 अप्रैल 2026 से प्रभावशील होगा।

### ट्रक की टक्कर से 200 मीटर तक घिसटी कार बाल-बाल बचे सवार

**सतना।** नेशनल हाईवे-30 पर सतना बाइपास के पास एक भीषण हादसा हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से जुड़े एक तेज रफ्तार ट्रक एमपी जेड आर 4091ने पीछे से एक कार एमपी 21जेडडी 2516 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क पर करीब 200 मीटर तक घिसटती चली गई। कार सवार बिनेंद्र पटेल और उनका परिवार,जो अमरपाटन से कटनी जा रहे थे,चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए।

### भीषण सड़क हादसा: ट्रेलर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**मैहर।** ग्राम बंधी में एक अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में गोविंद चौधरी और अजय चौधरी निवासी बंधी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया,जिससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस टीम मौके पर मौजूद है।

### डीजल चोरी का खुलासा: डायल 112 ने पकड़ा टैंकर

**सतना।** मैहर-कटनी रोड पर रामू ढाबा के पास डायल 112 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी का डीजल बेच रहे एक टैंकर को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस टैंकर को कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है, हालांकि खबर है कि मामले को रफा-दफा करने के लिए बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं।

### शादी का टेंट लगाकर लौट रहे युवक को पीटा

**सतना।** अमरपाटन के ग्राम मझगवां में टेंट का काम करके लौट रहे एक युवक पर तीन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। युवक के सिर और शरीर पर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और घायल का सिविल अस्पताल में उपचार कराया गया।

### अमरपाटन में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

**सतना।** ग्राम खरमसेडा में शराब बिक्री के पुराने विवाद को लेकर राजू पटेल नामक युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित का आरोप है कि रामबहोरी पटेल और उसके तीन साथियों ने मिलकर उसे बेदम पीटा।गंभीर रूप से घायल राजू को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया है।

## भव्यता, हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव

**अजयगढ़ के किशनपुर से निकली भगवान की भव्य शोभायात्रा**

**अजयगढ़।** विप्र कुल भूषण व भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव सोमवार को व्यता व हर्षौल्लास के साथ ओर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया। इस अवसर पर अजयगढ़ के बाघराजन में पूजा अर्चना व हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके उपरांत आए हुए सभी विप्रजनों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ व स्वस्तिवाचन किया गया। इस दौरान नगर व ग्रामीण की विप्र समाज के सम्माननीय व्यक्तियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। इस दौरान ग्राम किशनपुर से एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें रथ में विराजित भगवान परशुराम बहुत ही भव्य लग रहे थे। शोभायात्रा अजयगढ़ के माधोगंज, जय स्तंभ, बरियारपुर रोड, कछीयाना, छोटे स्टैंड, त्रिवेणी चौराहा, काली माता मंदिर, खोए मोहल्ले से होते हुए बघराजन मंदिर में समाप्त हुई जहां पर भगवान का जन्मोत्सव संपन्न हुआ। विप्र बंधुओं के द्वारा बताया गया कि प्रदोष काल के दौरान तृतीया तिथि होती है। उस पाम परशुराम जयन्ती मनाई जाती है भगवान परशुराम के हाथ का फरसा वह दंड विधान है जिससे अत्याचारी अपना आचरण विधि के अनुरूप रखते हैं। न्याय बिना शक्ति के कभी लागू नहीं हो सकता। भगवान परशुराम की शक्ति के साथ अबद्धता न्याय स्थापित करने के लिए ही थी, उन्होंने अपने परशु द्वारा जीती गई पृथ्वी कभी अपने उपभोग के लिए नही रखी। न्याय का तकाजा यही है कि आप शक्ति के न्यासी होते हैं मालिक नही,जब भगवान राम न्याय की रक्षा हेतु अवतरित हुए तो परशुराम ने अपनी शक्ति उन्हे हस्तांतरित कर दी।अनुसुइया, लोपामुद्रा से लेकर अम्बा तक वह नारी को न्याय दिलाने के लिए लड़ते रहे। सहस्त्रबाहु जब दत्तात्रेय द्वारा शक्ति मिलने के बाद दंभ में आकर अत्याचारी हो गया, रावण को हराने के बाद उसे लगा पूरी धरती पर केवल उसी का अधिकार है, जब उसने गायों के लालच में जमदग्नि के आश्रम पर हमला किया और ऋषि के पुत्रों समेत मार कर अग्नि कुंड में डाल दिया और गए हांक ले गया, तब राम आवेश में आए और





परशु धारण कर परशुराम हुए।
कार्यक्रम के दौरान विप्र समूह के द्वारा महिला शक्ति का सम्मान किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी,जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज रवि रावत, ब्राह्मण समाज तहसील अध्यक्ष जन्मेजय अरजरिया,वरिष्ठ राम औतार तिवारी, प्रमोद तिवारी, माता प्रसाद तिवारी, संजय सुल्लेरे, पीयूष शुक्ला, योगेंद्र धुरिया, अवध तिवारी,पंकज धुरिया,भोला गौतम,रवि रावत, दीपक तिवारी, रामभुवन मिश्रा,ओम शुक्ला,प्रबल नारायण, पंकज मिश्रा, द्वारिका प्रसाद पामयाय सहित युवा शक्ति के रूप में विवेक तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, हिमांशू तिवारी, पंकज मिश्रा, सोलू पांडे, शिवम रावत, शनि रावत, ऋषभ, तरुण पाठक, कृष्ण, कपिल तिवारी, महिला शक्ति में प्रभा मिश्रा, किरण तिवारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ - कनिष्ठ व महिला शक्ति उपस्थित रही।

**खबर संक्षेप**

### कितनी बार टूटेगा भगवान श्री जुगल किशोर जी का गेट



**पन्ना।** बुंदेलखंड के आराध्य भगवान जुगल किशोर जी का मंदिर पन्ना जिले में स्थित है जिनकी लोगों पर बड़ी कृपा है लेकिन स्थानीय प्रशासन तथा जनप्रतिनिधि श्री जुगल किशोर लोक बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं स्थानीय चौराहे पर तत्कालीन विधायक श्रीकांत दुबे द्वारा भगवान श्री जुगल किशोर द्वार का निर्माण विधायक निधि की राशि से वर्ष 2011-12 में कराया गया था तथा उक्त द्वारा बेहतर था लेकिन उसके बाद स्थानीय नगर पालिका द्वारा उक्त गेट को चार बार बनाकर तोड़ दिया गया तथा फिर से गेट को रातों-रात तोड़कर गड्ढे किए जा रहे हैं बार-बार तोड़ने से जहां एक ओर शासन की राशि का दुरुपयोग हो रहा है वहीं दूसरी ओर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों एवं स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि जैसा भी निर्माण होना हो एक बार में हो जाए तो बेहतर होगा लेकिन गेट निर्माण करने वालों का उद्देश्य एवं मकसद लोगों की समझ में ही नहीं आ रहा है।। आखिर क्यों बार-बार तोड़कर बनाया जा रहा है।

### आठ माह बीत जाने के बावजूद मां-बेटे के हत्यारों का पुलिस नहीं लगा पाई सुराग




**पन्ना।** विगत वर्ष अगस्त 2025 में अजयगढ़ थाना मुख्यालय रोहनिया मोहल्ला में पिंकी कुशवाहा पति राम नारायण कुशवाहा तथा उसके 5 साल के बेटे की अज्ञात हत्यारों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी उक्त घटना को लेकर लोगों द्वारा भारी आक्रोश व्याप्त किया गया था तथा पुलिस एवं कानून व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा हुआ था मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह पुलिस महा निरीक्षक उप पुलिस महानिरीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे लेकिन आठ माह बीत चुके हैं आज दिनांक तक पुलिस द्वारा हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाया है न्याय पाने के लिए महिला का पति अनेकों बार पुलिस अधीक्षक तथा वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन दे देकर परेशान हो गया है। इसके बाद पीड़ति रामनारायण कुशवाहा ने उच्च न्यायालय जबलपुर में अपील दायर करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा सजा दिलाने की मांग की थी जिसकी अपील।ॅच/,528/2026 माननीय न्यायालय में स्वीकार हुई है तथा अजयगढ़ थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 18 अप्रैल को तलब करते हुए दो सप्ताह में कंप्लीट रिपोर्ट मांगी गई है। न्याय का पहला दरवाजा थाना होता है जहां पुलिस से न्याय की उम्मीद को लेकर फरियादी जाते है वहीं जब यहां न्याय नहीं मिला उम्मीद खोती नजर आई। तो फिर न्यायालय की सरण में पहुंचकर अब फरियादी न्याय की आस को लेकर उम्मीद के सहारे देखना यह है कि जिस तरह से दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तलब करने को लेकर चर्चा है वह माननीय न्यायालय के सामने क्या पहुंचती है यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा।







## जगदीश स्वामी मंदिर में मनाया गया भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव

**पवई।** देश प्रदेश के साथ-साथ पन्ना जिले के पवई नगर में भी भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा प्रकटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के छायाचित्र के सामने पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनकी पूजा अर्चना की गई,तत्पश्चात सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया जिसके बाद प्रसाद का वितरण हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में विप्र बंधु शामिल हुए । बता दें कि भगवान परशुराम का जन्म हिंदू माह बैसाख के तीसरे दिन अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। वे महर्षि जन्मदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे। परशुराम जन्म से ब्राह्मण भृगुवंशी थे, जिन्हें भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। हालांकि ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बावजूद उनके कर्म,स्वभाव और युद्ध कला में निपुणता के कारण उन्हें ब्रह्म क्षत्रीय भी कहा जाता है। उनका जन्म पृथ्वी से अत्याचारी राजाओं का अंत कर धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की पूजा करने से साहस बुद्धि और शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने का आशीर्वाद मिलता है।भगवान परशुराम जी को आठ चिरंजीवियों में से एक माना जाता है।

## वनरक्षक ने वन समिति सदस्यों के सहयोग से बचाई भटके हुए सांभर की जान

**पवई।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के कल्दा रेंज में एक सांभर हिरण वनक्षेत्र से भटककर जुर्सिंहा गांव में पहुंच गया, जहां उसे आवारा कुत्तों से खतरा उत्पन्न हो गया था। सूचना मिलते ही वनरक्षक वीरेंद्र पटेल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम एवं जुर्सिंहा ग्राम वन समिति के सदस्य तत्काल सक्रिय हुए। सभी के समन्वित प्रयासों से सांभर को सुरक्षित घेरकर नियंत्रित किया गया, जिससे न तो वन्यजीव को नुकसान हुआ और न ही किसी प्रकार की जनहानि हुई। लगभग 2 घंटे की सतत मेहनत और सूझबूझ के बाद सांभर को सुरक्षित रूप से पुनः वनक्षेत्र में पहुंचा दिया गया। इस सफल रेस्क्यू अभियान में ग्राम वन समिति के सदस्यों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। वन विभाग द्वारा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। यह घटना वन्यजीव संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता और त्वरित कार्रवाई के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।



## कुंवरपुर की संगीतमय भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव से गूंजा पंडाल, श्रद्धालु हुए भावविभोर

**पन्ना।** ग्राम पंचायत कुंवरपुर में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है, जहाँ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान धार्मिक प्रसंगों का जीवंत वर्णन कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस में सराबोर किया जा रहा है।

### कृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण चित्रण

सोमवार के पावन प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित श्री दशरथ प्रसाद त्रिपाठी जी ने कंस के अत्याचारों से मुक्ति और गोकुल में आनंदोत्सव के दृश्य को सजीव रूप में प्रस्तुत किया, जिससे पूरा पंडाल "जय श्रीकृष्ण" के उद्घोष से गूंज उठा। वामन अवतार की कथा में भगवान विष्णु द्वारा राजा बलि से तीन पग भूमि



मांगकर उनके अभिमान को समाप्त करने और धर्म की स्थापना का संदेश दिया गया। वहीं बलि यज्ञ के प्रसंग में दान, त्याग और समर्पण की भावना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

### श्रीराम अवतार से मिली जीवन प्रेरणा

कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्म पालन के प्रसंगों का वर्णन करते हुए श्रोताओं को सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। "जय श्रीराम" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, व्यवस्था रही सुचारू

इस अवसर पर मुख्य श्रोता के रूप में कन्हैयालाल त्रिपाठी, श्रीमती सोमवती त्रिपाठी एवं त्रिपाठी परिवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा भाव से कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

### आस्था के साथ नैतिक मूल्यों का भी संचार

ग्राम कुंवरपुर में आयोजित यह भागवत कथा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनी हुई है, बल्कि लोगों के जीवन में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का भी संचार कर रही है।



## देवेन्द्रनगर क्षेत्र में सरकारी गेहूं खरीदी पूरी तरह फेल, सरकार के दावे हवा-हवाई प्रशासन की लापरवाही से किसान बेहाल

**पन्ना।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होने के सरकारी दावे किए जा रहे हैं, लेकिन देवेन्द्रनगर तहसील क्षेत्र में हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। खरीदी शुरू हुए 5 दिन बीत जाने के बाद भी यहां एक भी उपार्जन केंद्र चालू नहीं हो सका है, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। देवेन्द्रनगर क्षेत्र में बनाए गए 3 उपार्जन केंद्र अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं, जो साफ तौर पर स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और पूर्व तैयारी की कमी को दर्शाता है। यदि समय रहते व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जातीं, तो आज किसानों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। मौजूदा समय में शादी-विवाह का सीजन चल रहा है, ऐसे में किसानों को पैसों की सख्त जरूरत है। लेकिन केंद्र बंद होने के कारण किसान अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। मजबूरी में कई किसान औने-पौने दामों पर व्यापारियों को गेहूं बेचने को विवश हो रहे हैं। सरकार एक ओर किसानों के हितैषी होने का दावा करती है और खरीदी व्यवस्था को सुचारू बताती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। यह स्थिति न केवल सरकार के दावों पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन हैं और स्थानीय प्रशासन मानो हालात से अनजान बना हुआ है। किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज करना अब प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर कर रहा है।

## बिना रोक-टोक धार्मिक नगरी में बिक रही शराब

**रात्रि में दवा नहीं मिलती लेकिन आसानी मिल जाती है शराब?**


**शासन की योजनाओं पर पलीता लगाते शासकीय कर्मचारी**

**धार्मिक क्षेत्र से लगी दोनों दुकानों से धार्मिक नगरी में पहुंचाई जाती है शराब**

**शराब दुकानों में नहीं है रेट सूची**

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने धार्मिक क्षेत्र पन्ना नगर में शराबबंदी के आदेश जारी किए थे जिसमें नगर से सभी दुकाने धार्मिक नगरी से 5 किलोमीटर दूर रखी गई है। परंतु सरकार की मंशा के अनुसार सरकारी कर्मचारी सरकारी योजना को सार्थक ना करते हुए योजना पर लगा रहे पलीता, देखा जाए तो शराबबंदी आदेश के बाद से आज तक धार्मिक नगरी क्षेत्र में आधा सैकड़ा से ऊपर खुले शराब के अड्डे, बेनी सागर तालाब पर और उसके इर्द-गिर्द कई स्थानों पर बस स्टैंड चमन लाज के सामने आगरा मोहल्ला बस स्टैंड के पीछे होटलों में धाम मोहल्ला रानीगंज में कई स्थानों पर इंद्रपुरी कॉलोनी में कई स्थानों पर टिकुरिया मोहल्ला में कई स्थानों पर नगर में ऐसा कोई वार्ड नहीं है जिसमें दो चार स्थानों पर ठेके की शराब न बिक रही हो जबकि नगर दो दुकानों से छिका हुआ है पट्टी बजरिया दुकान और मनौर दुकान जोकि नगर के उत्तर और दक्षिण में स्थित है इन दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक पर बेची जा रही शराब इन्हीं दुकानों से शराब की थोक पेटियां नगर के



28 वार्डों में पहुंचाई जाती है जबकि सरकार के आदेश नगर में शराबबंदी के हैं राजनेतिक संरक्षण में या यूं कहा जाए के शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें विभागीय शासकीय कर्मचारियों का कोई भय नहीं है खुलेआम धड़ल्ले से धार्मिक क्षेत्र धार्मिक नगरी में शराब की बिक्री हो रही है। रात्रि में दबाओ की दुकान बंद हो जाती हैं परंतु आधी रात को भी शराब उपलब्ध हो जाती है यू कहा जाए की नगर के शराब अड्डों पर पर्याप्त मात्रा में शराब उपलब्ध रहती है यह शराब कहां से आती है यह उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है अधिकारियों की साथ गांठ से नगर में खुले शराब के अड्डे प्रिंट रेट से 25ः अतिरिक्त पर हो रही बिक्री, शराब बिक्री और रेट पर नहीं है विभाग का अंकुश अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी शराब बिक्री पर अंकुश लगा पाते हैं या जिस तरह से शराब के अड्डे नगर में खुले हैं उससे अधिक अड्डे बनकर ऐसे ही धार्मिक नगरी में बिकती रहेगी शराब।

### इनका कहना है

मेरे पास जो भी शिकायत आयेगी कार्यवाही करवाई जायेगी।

**मुकेश कुमार मौर्य, जिला आबकारी अधिकारी**





## अमानगंज में सामूहिक मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह संपन्न

**पन्ना।** गुनौर विधानसभा अंतर्गत अमानगंज में मध्य प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें 66 जोड़ो के विवाह संपन्न कराए गए कार्यक्रम जनपद पंचायत गुनौर के द्वारा आयोजित किया गया था उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा शामिल रहे साथ ही कलेक्टर श्रीमती उषा परमार ने भी सहभागिता निभाई इस दौरान वैदिक रीति रिवाज के अनुसार सभी जोड़ों के विवाह संपन्न कराए गए तथा शासन द्वारा मिलने वाली 55000 की राशि एवं अन्य सामग्री सभी जोड़ों को प्रदान की गई विवाह में शामिल जोड़ों के परिवारों के 25 सदस्यों के हिसाब से भोजन भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसडीम जनप्रतिनिधि सहित अनेक लोगों उपस्थित रहे।

## भाजपा का 'नारी शक्ति वंदन' बिल चुनावी स्टंटः अनीश खान

**पन्ना।**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा द्वारा लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को केवल चुनावी स्टंट बताया है। उन्होंने कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल पारित न होने को लेकर विपक्ष पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हैं। अनीश खान ने भाजपा नेताओं की पत्रकार वार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए झूठ का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पंचायतों और नगर निकायों में आरक्षण देने की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने की थी, जबकि महिला आरक्षण बिल को पहली बार लाने और पारित कराने का गंभीर प्रयास कांग्रेस की यूपीए सरकार ने किया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मौजूदा बिल में जनगणना और परिसीमन (डिलीमिटेशन) की शर्तें जोड़कर इसे लागू करने में देरी की जा रही है, जिससे स्पष्ट है कि भाजपा की मंशा महिलाओं को तत्काल आरक्षण देने की नहीं है।

### ओबीसी महिलाओं के लिए उप-कोटा की मांग

कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महिला आरक्षण के खिलाफ



नहीं है, बल्कि इसके स्वरूप में सुधार चाहती है। पार्टी की मांग है कि 33 प्रतिशत आरक्षण के भीतर ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग उप-कोटा निर्धारित किया जाए, ताकि सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व मिल सके।

### दोषारोपण की राजनीति पर सवाल

अनीश खान ने भाजपा सांसद बी.डी. शर्मा सहित अन्य नेताओं के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार के पास प्रचंड बहुमत है, तो वह अपनी तकनीकी खामियों और इच्छाशक्ति की कमी का दोष विपक्ष पर क्यों मढ़ रही है। कांग्रेस ने मांग की है कि महिला आरक्षण को बिना किसी शर्त और बिना देरी के लागू किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि भाजपा भ्रामक प्रचार के जरिए विपक्ष की छवि खराब करने का प्रयास करती रही, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर जनता के बीच इस बिल के अधूरेपन की सच्चाई रखेगी।



## भगवान परशुराम जयंती पर हुआ भव्य सुंदरकांड पाठ, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**पवई।** विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के जगदीश स्वामी मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का भव्य माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया, जिसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात परशुराम चालीसा का सामूहिक पाठ एवं आरती की गई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। आयोजन में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे और पूरे आयोजन को सफल बनाया। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि भीषण गर्मी एवं नगर में चल रहे वैवाहिक कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भगवान परशुराम की शोभायात्रा नगर में नहीं निकाली गई। इसके बावजूद मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती, निकली शोभायात्रा



**छतरपुर।**

अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर शहर के नारायणपुर रोड स्थित परशुराम मंदिर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर समिति द्वारा आयोजित संगीतमय कार्यक्रम और सम्मान समारोह में समूचा वातावरण धर्ममय हो गया। पूजन-अर्चन से शुरू हुआ यह सिलसिला देर रात तक विशाल भंडारे के साथ अनवरत जारी रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम के विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित संगीतमय सुंदरकांड और भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजन गायकों ने भगवान परशुराम के शौर्य और पराक्रम का वर्णन करते हुए भक्ति रस की ऐसी धारा बहाई कि श्रद्धालु देर रात तक मंदिर परिसर में डटे रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रबुद्ध जनों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस भंडारे में शहर के विभिन्न कोनों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों और स्वयंसेवकों ने पूरी तत्परता के साथ व्यवस्थाएं संभालीं, जिससे उत्सव का आनंद और बढ़ गया।

## जय परशुराम के जयघोष से गुंजायमान हुआ शहर



भगवान श्री परशुराम जी के प्रकट उत्सव के सुअवसर पर छतरपुर शहर में अपार उत्साह और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्राह्मण समाज सहित सर्व समाज के सहयोग से शहर के प्रमुख मार्गों से एक भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें गाजे-बाजे और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। शोभायात्रा का शुभारंभ शहर के ऐतिहासिक रामचरितमानस मैदान से हुआ और शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी की नयनाभिराम झांकी सजाई गई थी, जिसके दर्शन के लिए लोग सड़कों पर खड़े रहे। इसके साथ ही यात्रा में विभिन्न महापुरुषों के छायाचित्रों को भी शामिल किया गया, जो एकता और प्रेरणा का संदेश दे रहे थे। डीजे और बैंड-बाजे की धुनों पर युवा और महिलाएं झूमते-नाचते नजर आए और पूरे मार्ग में 'जय परशुराम' के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## भगवान चित्रगुप्त का 5-दिवसीय प्रकटोत्सव शुरू, 23 को निकलेगी शोभायात्रा



**छतरपुर।**

शहर के चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष के आयोजन की विशेष बात यह है कि समाज ने उत्सव के स्वरूप को विस्तार देते हुए इसे पांच दिवसीय बना दिया है।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संभागीय अध्यक्ष आदित्य कुमार सक्सेना ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव प्रतिवर्ष गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर मनाया जाता है, जिसे लेकर समाज के हर वर्ग में भारी उत्साह है। पांच दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में 19 अप्रैल को मंदिर परिसर में प्रतिमा स्थापना के साथ उत्सव का विधि-विधान से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन, यानी 20 अप्रैल को भव्य 'परिचय सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए, जहां पारिवारिक और सामाजिक मेल-मिलाप के साथ-साथ युवाओं के परिचय की औपचारिकताएं भी संपन्न हुईं।

### बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आज, कल लगेगा छप्पन भोग

आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए आदित्य कुमार सक्सेना ने बताया कि 21 अप्रैल को बच्चों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच सजेगा, जिसमें वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 22 अप्रैल को भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे और इसी दिन समाज की विशिष्ट विभूतियों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। उत्सव का मुख्य आकर्षण 23 अप्रैल को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा होगी। यह यात्रा चित्रगुप्त मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के चित्रगुप्त मंदिर से महल तिराहा, छत्रसाल चौक, चौबे तिराहा, बस स्टैंड, हटवारा और चौक बाजार से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभायात्रा की भव्यता को लेकर समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न आकर्षक झांकियां भी शामिल रहेंगी।

## पुलिस ने दबोचा, भारी मात्रा में अधबनी पिस्टल और कारतूस बरामद

## बीच शहर में पिता-पुत्र बना रहे थे अवैध हथियार



**छतरपुर।**

कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए शहर के बीचों-बीच चल रही एक हथियार फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से पिता और पुत्र को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जो अपने घर के आंगन में देशी कट्टे और पिस्टल बनाने का काम कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से निर्मित हथियारों के साथ भारी मात्रा में अधबने हथियार और निर्माण में प्रयुक्त होने वाले उपकरण जब्त किए हैं।सोमवार को उक्त कार्रवाई के संबंध में यातायात थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसपी अगम जैन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनीगंज मोहल्ले में गर्ल्स स्कूल के पीछे एक घर में अवैध रूप से हथियार बनाए जा रहे हैं। इस सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने संबंधित स्थान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान घर के आंगन में दो व्यक्ति औजारों से लोहे के देशी कट्टे तैयार करते पाए गए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों गया प्रसाद कोरी और उसके पुत्र कृष्ण कोरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में मौके से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। जब्त किए गए सामान में एक 315 बोर देशी कट्टा, एक अधबनी पिस्टल, एक मैगजीन, एक अधबना कट्टा और एक नग लोहे की धुनकी शामिल है। इसके अलावा पुलिस को 305 नग 315 बोर के खाली खोखे, 90 नग कारतूस के पेंदे, 15 नग लोहे की स्प्रिंग, 35 नग पिस्टल के खाली खोखे और 12 बोर कारतूस के खाली खोखे सहित जिंदा कारतूस भी मिले हैं।

### आरोपियों से निकाली जा रही सप्लाई की जानकारी

हथियार बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तकनीकी उपकरण भी पुलिस ने बरामद किए हैं, जिनमें एक ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, छोटी-बड़ी हथौड़ी, प्लास, पेचकस, रेतमार, आरी ब्लेड, कट्टा हैमर और ट्रिगर जैसे संसाधन शामिल हैं। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे इन हथियारों की सप्लाई किन-किन अपराधियों को करते थे और इस अवैध कारोबार के तार और कहाँ-कहाँ जुड़े हैं। फिलहाल दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिवत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी और पुत्र बाल-बाल बचे



**नौगांव।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलीपुरा-गरौली मार्ग पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे ग्राम रावतपुरा गंज (थाना अजनर) निवासी विश्वभान राजपूत (36 वर्ष) की एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में मृतक की पत्नी विश्वसुंदरी और उनका पुत्र चमत्कारिक रूप से बच गए। घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों में रेत खदान ठेकेदारों और डंपर चालकों के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विश्वभान राजपूत अपनी पत्नी और बेटे के साथ एक शादी समारोह में शामिल होकर सोमवार तड़के करीब 4 से 5 बजे के बीच बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। अलीपुरा से गरौली मार्ग के बीच टीला घाट पर, धसान नदी के पास संचालित रेत खदान की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विश्वभान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने रेत खदान संचालक और डंपर चालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खदान पर आने वाले डंपर चालक सड़कों पर अत्यधिक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है और डंपर की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है।



## बड़ामलहरा से हज के लिए रवाना हुआ हाजियों का दल

**बड़ामलहरा।** नगर से हज यात्रियों का एक काफिला सोमवार को पवित्र सफर के लिए रवाना हो गया है। इस वर्ष जिले से कुल 54 जायरीन सऊदी अरब के मुकद्दस शहर मक्का और मदीना की जियारत के लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में बड़ामलहरा नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अब्दुल मुजीब खान और उनकी पत्नी सकीला बानो का हज पर रवानगी के समय नगर में जबरदस्त उत्साह और मजहबी माहौल देखने को मिला।

यात्रा पर निकलने से पहले अब्दुल मुजीब खान और उनकी पत्नी ने नगर की जामा मस्जिद, नूरानी मस्जिद और हजरत मोमिन शाह तकिया मजार पहुंचकर इबादत की और बारगाह में सलाम पेश किया। इसके पश्चात परिजनों, मित्रों और बड़ी संख्या में एकत्रित हुए नगरवासियों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। लोगों ने नम आंखों और दिली दुआओं के साथ दोनों हाजियों को विदाई दी। इस मौके पर हाजी मुकीम खान, सदर मेहबूब खान, शफीक बेग, रजा मुराद, रफीक खान, तौफ़ीक खान सहित उनके परिवार के सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नगरवासियों ने हाजियों के सुरक्षित सफर और हज की मकबूलियत के लिए दुआएं कीं।

## महाराजा छत्रसाल जयंती की तैयारियां तेज, सर्व समाज की बैठक संपन्न



**खजुराहो।** बुंदेलखंड के गौरव, स्वाभिमान और शौर्य के प्रतीक महाराजा छत्रसाल जी की आगामी जयंती 4 मई 2026 को भव्य और गरिमामय तरीके से मनाने के लिए आज खजुराहो के होटल रॉयल चंदेला में सर्व समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जयंती महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम के संयोजक धीरू राजा बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराजा छत्रसाल जयंती के शुभ अवसर पर खजुराहो के मुख्य मार्गों से एक भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर पूरे बुंदेलखंड में खासा उत्साह देखा जा रहा है। धीरू राजा ने बुंदेलखंड के सभी अंचलों के निवासियों से इस महोत्सव में शामिल होने की अपील की है। इस बार जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शेर सिंह राणा शिरकत करेंगे। उनके आगमन को लेकर भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। बैठक का सफल संचालन अधिवक्ता राजकुमार गंगेले द्वारा किया गया। बैठक के दौरान राजू राजा, राजेंद्र सिंह सुरेहां, राम मनोहर साहू, जयपाल बुंदेला, मनोज सिंह, खजुराहो व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश सोनी, रवि राजा, रोहित शैलेश सिंह, राजू सिंह चौहान, राजकुमार गंगेले, गौरव, अभिषेक, संजीव, पप्पू पाल, मोहन रजक, हेमंत दहिया, इंद्रजीत दीक्षित, आनंद जी, सोलू राजा, सीबेंद्र राजा और वीरु सिगोट सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी से अनुरोध किया है कि 4 मई को निकलने वाली गौरवमयी शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बुंदेला शौर्य को नमन करें।

## कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ छह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**बिजावर।**

क्षेत्र के ग्राम गंजसिजारी में श्री राम-जानकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया है। सोमवार को पनागर स्थित श्री हनुमान मंदिर से गंजसिजारी के श्री बिहारी जू मंदिर तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में पीली साड़ी पहने माताओं और बहनों ने सिर पर कलश धारण कर इस यात्रा में भाग लिया, जिससे समूचा मार्ग भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शाला मंदिर के महंत रामानंद जी महाराज ने जानकारी दी कि इस छह दिवसीय अनुष्ठान के दौरान विभिन्न धार्मिक यज्ञ, पूजन और सत्संग आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक महोत्सव का मुख्य आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक एवं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आगमन है, जिसको लेकर न केवल बिजावर बल्कि पूरे जिले के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि कथा स्थल और पांडाल की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। भारी संख्या में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



## खबर संक्षेप



### नवागत थाना प्रभारी ने देर रात की वाहन चेकिंग

चंदला। नवागत थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने पदभार ग्रहण करते ही अपराधियों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए चंदला पुलिस ने देर रात बस स्टैंड और सर्किट हाउस के पास व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस औचक कार्रवाई से इलाके के असमाजिक तत्वों और नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मच गया।थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर अभियान की कमान संभाली। पुलिस टीम ने हर आने-जाने वाले दुपहिया और चार पहिया वाहनों की गहनता से तलाशी ली। चेकिंग के दौरान न केवल वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई, बल्कि संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। थाना प्रभारी ने स्वयं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह सक्रिय कदम क्षेत्र में सुरक्षा का भाव पैदा कर रहा है।

### जाम के झाम में फंसी तहसीलदार की गाड़ी



चंदला। नगर में यातायात व्यवस्था इस कदर ध्वस्त हो चुकी है कि अब आम जनता तो दूर, प्रशासनिक अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं। बीते रविवार की रात जो नजारा देखने को मिला, उसने नगर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की पूरी पोल खोलकर रख दी। चंदला तहसील में पदस्थ तहसीलदार नारायण अनुरागी स्वयं करीब आधे घंटे तक जाम के झाम में फंसे रहे। स्थिति इतनी शर्मनाक हो गई कि घंटों की मशक्कत के बाद भी जब जाम नहीं खुला, तो मौके पर मौजूद चंदला पुलिस को तहसीलदार की गाड़ी को पीछे करवाकर उन्हें वापस भेजना पड़ा।यह घटना चंदला-लवकुश नगर मार्ग पर बड़े पूर्वा से लेकर बछौन तिराहा के बीच की है, जहाँ वाहनों की लंबी कतारों की वजह से तहसीलदार की गाड़ी रेंगने को मजबूर हो गई। नगर की इस चरमराई व्यवस्था ने प्रशासन की गंभीरता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब एक राजपत्रित अधिकारी को इस तरह की फजीहत का सामना करना पड़ रहा है, तो आम मरीजों, छात्रों और राहगीरों का क्या हाल होता होगा? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या तहसीलदार नारायण अनुरागी इस घटना के बाद नगर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएंगे, या फिर चंदला की जनता को इसी तरह जाम में रेंगने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

### उपनयन और समावर्तन संस्कार ने बटुकों को बनाया वेद अध्ययन का अधिकारी



छतरपुर। आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बने सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में संचालित गुरुकुलम में सनातन वैदिक परंपराओं के अनुरूप बटुक ब्राह्मणों का उपनयन और समावर्तन संस्कार किया गया। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा संचालित सनातन वैदिक गुरुकुलम में काशी से पधारे विद्वान आचार्यों ने वैदिक विधि-विधान से बटुकों को संस्कारित किया। इन पवित्र संस्कारों के माध्यम से बालकों को न केवल वेद अध्ययन का अधिकारी बनाया गया बल्कि उन्हें सनातन धर्म की मूल शिक्षाओं, अनुशासन और जीवन मूल्यों से भी जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बटुकों से स्नेहपूर्ण संवाद किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करें और अपने ज्ञान व संस्कारों से गुरुकुलम तथा सनातन परंपरा का नाम उज्ज्वल करें। बनारस के यज्ञाचार्य राजा पांडे ने बताया कि गुरुकुलम का उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक ज्ञान और संस्कृति की गहराई भी प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि गुरुकुलम में अध्यनरत सभी बटुक ब्राह्मण का उपनयन और समावर्तन संस्कार किया गया। गुरुकुलम में बच्चों को वेद, शास्त्र, संस्कृत भाषा, यज्ञ-विद्या और नैतिक शिक्षा प्रदान की जाएगी जिससे वे भविष्य में समाज का मार्गदर्शन करने योग्य बन सकें। यह पहल भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस आयोजन ने न केवल क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया बल्कि यह संदेश भी दिया कि सनातन परंपराएं आज भी जीवंत हैं और नई पीढ़ी के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आज

**रीवा ।** लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 21 अप्रैल को आयोजित की गयी है। बाणसागर सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन, विकास नीति एवं योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की जायेगी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बोर्ड के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### चलती ट्रेन से नीचे गिरे यात्री की हालत गंभीर

**कटनी।** कटनी-मैहर रेल खंड के बीच झुकेही स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। यात्री की स्थिति नाजुक बनी हुई है और फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार जनता एक्सप्रेस जैसे ही झुकेही स्टेशन के आउटर के समीप पहुँची, तभी एक यात्री अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। ट्रेन की गति तेज होने के कारण यात्री को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# बीहर के क्षतिग्रस्त पुल से बढ़ रही समस्याः बेला से गोविन्दगढ़ रोड में डायवर्ट किए जा रहे वाहन, बढ़ी परेशानी बेला से बनाया डायवर्जन प्वॉइंट, एमपीआरडीसी ने नहीं दीं सुविधाएं





**रीवा।** बायपास पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद लगातार वाहनों के डायवर्जन को लेकर आ रही समस्याओं को देखते हुए अब नया डायवर्जन बनाया गया है। बेला से वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है लेकिन यहां एमपीआरडीसी सुविधा नहीं दी है। ऐसे में ड्यूटी करनी पड़ रही है। बायपास बीहर नदी का पुल पिछले कई दिनों से क्षतिग्रस्त हैं और हाइवे से गुजरने वाले वाहनों की गंभीर समस्या बनी है। भारी वाहन दिनभर हाइवे पर खड़े और रात में सीधे शहर के भीतर प्रवेश करने लगते हैं। ऐसे में शहर की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो रही है। इसे देखते हुए अब बेला से डायवर्जन मार्ग दिया गया है। यहां बकायदे पुलिस प्वाइंट लगाया गया है। जो हर समय यहां ड्यूटी कर रहे एमपीआरडीसी को अपना स्टाफ प्वाइंट पर लगाना था और स्थल पर टेंट, पानी, लाउडस्पीकर व लाइट की व्यवस्था करनी थी लेकिन सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। ऐसे में हाइवे से गुजर रहे वाहनों को रोकना गंभीर समस्या बन गया है। चिलचिलाती धूप में पुलिसकर्मी ड्यूटी कर रहे हैं और रात के समय बिना लाइट के ड्यूटी के दौरान खतरा बना है। दरअसल रीवा शहर के बायपास स्थित बीहर नदी के पुल के गर्डर में दरारें और पियर कैप के क्षतिग्रस्त होने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर 30 अप्रैल तक भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिसकी वजह से बायपास पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही, जिसमें सैकड़ों वाहन फंसे रहे। इस मार्ग के बंद होने से रीवा के रास्ते उत्तर प्रदेश जाने का मुख्य रास्ता प्रभावित हो गया है। अब मैहर और सतना होते हुए वाहनों को चित्रकूट के रास्ते डायवर्ट किया जा रहा है। हालांकि प्रयागराज और वाराणसी से आने-जाने वाले वाहनों को इस डायवर्जन के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में रीवा और प्रयागराज प्रशासन के बीच समन्वय की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती पुल की मरम्मत को जल्द पूरा करना है। यह मार्ग प्रयागराज और वाराणसी को जोडने वाला एक महत्वपूर्ण रूट है, जहां देशभर से आने-जाने वाले वाहनों का भारी दबाव रहता है।वैवाहिक आयोजनों से बढ़ी परेशानीइस समय वैवाहिक आयोजन शुरू हो गए हैं। शहर में देर रात तक सड़क पर चहल-पहल रहती है और वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। इतनी बड़ी संख्या में ट्रकों को शहर के भीतर से निकालना कठिन समस्या है। शहर के मुख्य मार्ग में दिन भर जाम से लाग परेशान रहते है जिसकी वजह से कई लोगो की ट्रेन भी छूट जाती है।करनी पड़ी व्यवस्थाप्रशासन ने मैहर से वाहनों का डायवर्जन सतना, चित्रकूट होते हुए प्रयागराज को दिया था, रूट ट्रक चालकों को काफी खर्चीला पड़ रहा था और बड़ी संख्या में डायवर्जन मार्ग के बजाय रीवा आ रहे थे। जिसकी वजह से वाहनों को अब रीवा पहुंचने से रोकने के लिए बेला रोड में डायवर्ट किया जा रहा है। जिससे शहर में भारी वाहनों का दवाव कम किया जा सके। यही नही डायवर्जन की वजह से अब गोविंदगढ़ में जाम की स्थित पैदा होने लगी है। गोमती तिराहा चौराहा से पीपल तिराहे तक भारी वाहनों की वजह से जाम के हालात पैदा हो रहे है। इसी रूट पर अस्पताल, बैंक और बड़ी दुकानें स्थित है। जिसकी वजह से दिन भर जाम की स्थिति निर्मित होती है। पुलिस ने रतहरा तरफ से आने वाले ट्रैफिक को रामनगर रोड में डायवर्ट कर दिया है। वही बेला तरफ से आने वाले ट्रैफिक को वनवे कर कस्बे के अंदर से निकाला जा रहा है जिससे समस्याएं बढ़ गई हैं।

# बिछिया नदी में डूबने से 15 वर्षीय नाबालिग की मौत, बिछिया थाना क्षेत्र छ्तुरिहा घाट में हुई घटना



रीवा।

*शहर के बिछिया नदी के गहरे पानी में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। घटना बिछिया थाना क्षेत्र में स्थित बिछिया नदी के छ्तुरिहा घाट पर हुई है।बताया जा रहा है कि नाबालिग घर से नदी में नहाने पहुंचा था, जहां सीढ़ियों में पैर फिसलने की वजह से वह गहरे पानी में जा समाया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है, मौके पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड में तलाश शुरू किया। बवही नदी में डूबे नाबालिक की पहचान साहिल बंसल पिता कमलेश बांसल उम्र करीब 15 वर्ष निवासी नारायण चक्की के पास बिछिया निवासी के रूप में हुई है। नाबालिक के नदी में डूबने की खबर मिलते ही मौके पर परिजन सहित आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है की नाबालिक तैरना नहीं जानता था, लेकिन घर के पास स्थित नदी में वह रोजाना नहाने जाता था।*

**बिछिया पुलिस ने की कार्रवाई, रीवा सीधी और यूपी के तस्कर शामिल**

# गांजा तस्करों की गैंग पकड़ाई : 4 लाख का गांजा, 20 लाख की 2 कार, 73 हजार कैश सहित 6 आरोपी गिरफ्तार



**रीवा।** रीवा पुलिस ने नशे के विरुद्ध एक बार फिर बड़ी कार्यवाही करते हुए तस्करो की एक बड़ी गैंग को पकड़ा है। पुलिस की अलग अलग टीमों ने घेराबंदी कर दो अलग अलग कर में सवार रीवा सीधी और यूपी के आधा दर्जन तस्करो को गिरफ्तार किया,पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 लाख 20 हजार कीमती 28 किलो गांजा, 80 हजार कीमती 8 नग मोबाइल व 73 हजार रूपए कैश के साथ साथ 20 लाख कीमती आई ट्वेंटी व एक्सयूबी थ्री हंड्रेड कार को भी जप्त किया है। बता दे कार्यवाही बीती रात बिछिया थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस राजीव अग्रवाल ने जिले की गुढ़ और रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस के साथ मिलकर की है। बिछिया थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की थाना क्षेत्र में ही रीठी तालाब के पास कार सवार अवैध मादक पदार्थ की बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। उक्त सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करा रेड कार्यवाही की गई और घेराबंदी कर मौके से दो अलग अलग कार में सवार आधा दर्जन तस्करो को पकड़ा गया। मौके पर कार की ली गई तलाशी के दौरान 28 पैकेट में 28 किलो गांजा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख से अधिक आंकी गई है। वही कार से ही 8 नग मोबाइल और 73 हजार की नगदी भी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई यह खेप सीधी से रीवा लाई गई थी जिसे तस्कर डिलेवरी देने के लिए मौके पर पहुंचे थे। पकड़ी गई गैंग में रीवा के मनगवां थाना क्षेत्र ग्राम घोपी निवासी अतुल पटेल और आशीष पटेल शामिल है। वही सीधी के पोड़ी सेमरिया निवासी सुनील जायसवाल और राजा जायसवाल को भी पकड़ा गया है। इसके अलावा गांजे की डिलेवरी लेने पहुंचे उत्तरप्रदेश के बांदा निवासी राधेश्याम कश्यप और अनुज निसाद को भी गिरफ्तार किया गया है।मामले में आरोपियो के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है,उनके आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे है। थाना प्रभारी के रूप में प्रशिक्षु आईपीएस द्वारा एनडीपीएस की यह यह पहली कार्यवाही बताई गई है।



### मनगवां पीएचसी में अव्यवस्थाओं पर भड़के विधायक अनुपस्थित डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**रीवा ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनगवां में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत उस समय सामने आ गई जब मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मरीजों की देखभाल और दवाइयों की उपलब्धता को लेकर गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई।निरीक्षण के दौरान डॉ. एम.डी. पटेल एवं डॉ. कल्पना मिश्रा बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए विधायक ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (**CMHO**) रीवा को फोन पर जानकारी दी और संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने यह भी सवाल उठाया कि जब अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता का दावा किया जाता है, तो फिर मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाइयां क्यों लिखी जा रही हैं। उन्होंने इसे मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाला व्यवहार बताते हुए सख्त आपत्ति दर्ज की।हाल के दिनों में वायरल हुए एक वीडियो का भी जिक्र निरीक्षण के दौरान सामने आया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा मरीजों को बाहर से रेबीज इंजेक्शन मंगाने की बात कही जा रही थी। इस मामले ने पहले ही विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे, और अब ताजा निरीक्षण ने स्थिति को और स्पष्ट कर दिया है। विधायक ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों को हर सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के दावे तभी सार्थक होंगे, जब जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए।

# गुढ़ थाना क्षेत्र में शराब ठेकेदारों की लूट जारी मनमाने दामों पर बिक रही शराब, आबकारी विभाग बना मूकदर्शक

**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र से शराब ठेकेदारों द्वारा नियमों की सरेआम धज्जियाँ उड़ाने और सुरा प्रेमियों की जेब पर डाका डालने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है।क्षेत्र की शराब दुकानों में न तो रेट लिस्ट चस्पा है और न ही प्रिंट रेट का पालन किया जा रहा है।आलम यह है कि ठेकेदार निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक दामों पर शराब की बिक्री कर रहे हैं, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### रेट सूची का अभाव और ओवररेटिंग का खेल

शासकीय नियमों के अनुसार, प्रत्येक मदिरा दुकान के बाहर स्पष्ट रूप से रेट लिस्ट प्रदर्शित करना अनिवार्य है, ताकि ग्राहकों को सही कीमत का पता चल सके।लेकिन गुढ़ क्षेत्र की अधिकांश दुकानों से यह सूची नदारद है।सेल्समैन ग्राहकों से मुँह माँगी कीमत वसूल रहे हैं। विरोध करने पर ग्राहकों के साथ अभद्रता की जाती है, जिससे सुरा प्रेमियों की जेबों पर सीधा डाका डाला जा रहा है।

### अवैध पैकारी से गाँवों में फैला जहर

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मुख्य दुकानों से आसपास के ग्रामीण अंचलों में अवैध पैकारी का जाल बिछा दिया गया है।ठेकेदारों के गुर्गे बाइक और चार पहिया वाहनों से गाँवों के किराना दुकानों और ढाबों तक अवैध शराब पहुँचा रहे हैं। इससे न केवल शासन के राजस्व को चपत लग रही है, बल्कि गाँवों का शांत वातावरण भी दूषित हो रहा है और युवा पीढ़ी नशे की गर्त में जा रही है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि इस पूरे गोरखधंधे की जानकारी होने के बावजूद आबकारी विभाग मूकदर्शक बनी हुई है।ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की मिलीभगत और मौन सहमति के कारण ही ठेकेदार इतने बेखौफ होकर मनमानी कर रहे हैं। नियमित निरीक्षण के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है, जबकि धरातल पर लूट का खेल जारी है।

### ग्रामीणों की चेतावनी

क्षेत्र की जनता ने अवैध शराब की पैकारी को लेकर कलेक्टर रीवा और आबकारी आयुक्त से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दोषी ठेकेदारों और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की माँग की है।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिये प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण जारी



**रीवा ।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत जिले में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। इस क्रम में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय सहित सभी नगर परिषदों व तहसील कार्यालयों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण के संबंध में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश में एक मई से 30 मई तक एक साथ संचालित किया जाएगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में देशभर में संपन्न कराया जाएगा। प्रशिक्षण फील्ड ट्रेनर्स के माध्यम से दिया जा रहा है, जिसमें जनगणना कार्य से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 में आधुनिक डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा तथा संपूर्ण कार्य की निगरानी जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (सीएम एमएस) के माध्यम से की जाएगी। प्रशिक्षित प्रगणक एक मई से 30 मई तक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे एवं निर्धारित प्रारूप में आंकड़े संकलित करेंगे।

# 'इलाज' के नाम पर खतरा! गुढ विधानसभा में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल, ग्रामीणों की जान से खिलवाड़

रीवा

क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क तेजी से फैलता नजर आ रहा है। रीवा जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप बंगाली डॉक्टर गांवों में बिना डिग्री और बिना किसी वैध अनुमति के कथित डॉक्टर खुलेआम अपनी दुकानें सजा कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं।ग्रामीणों की मजबूरी और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का फायदा उठाकर ये झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जिंदगी के साथ खतरनाक खेल खेल रहे हैं। न तो इनके पास कोई मान्यता प्राप्त डिग्री है और न ही इलाज का वैज्ञानिक आधार, इसके बावजूद ये इंजेक्शन, ड्रिप और दवाइयां देकर गंभीर बीमारियों तक का इलाज करने का दावा कर रहे हैं।

### गंभीर बीमारी में भी कर रहे 'इलाज'

जानकारी के अनुसार, ये फर्जी डॉक्टर सामान्य बुखार, सर्दी-खांसी से लेकर टाइफाइड, निमोनिया और अन्य गंभीर बीमारियों तक का इलाज कर रहे हैं। कई मामलों में गलत दवाइयों और ओवरडोज के कारण मरीजों की हालत बिगड़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं, लेकिन डर और जागरूकता की कमी के चलते मामले दबा दिए जाते हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को इस पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### ग्रामीणों की मजबूरी बन रही वजह

गांवों में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं और योग्य डॉक्टरों की कमी के कारण ग्रामीणों को मजबूरन इन झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाना पड़ रहा है। दूर-दराज के अस्पतालों तक पहुंचने में समय और खर्च दोनों अधिक होने के कारण लोग जोखिम उठाने को मजबूर हैं।

### मांगः तत्काल कार्रवाई और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सही इलाज मिल सके।

अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर मुद्दे पर कब तक संज्ञान लेता है या फिर यूं ही ग्रामीणों की जिंदगी दांव पर लगी रहेगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संविदा वाहन चालक के लिए आवेदन आमंत्रित

रीवा ।

विभिन्न विधिक सेवा संबंधी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए न्याय सारथी वाहन में वाहन चालक के लिए संविदा आधार पर आवेदन 4 मई को शाम 5 बजे तक आमंत्रित किए गए हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त संबंध में विस्तृत विवरण जिला विधिक प्राधिकरण कार्यालय में भौतिक रूप से अथवा जिला न्यायालय रीवा की वेबसाइट में प्राप्त किया जा सकता है।

# जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना बनी मजाक

### नल की टोटियों से जल नदारतहनुमना के ग्राम पंचायत नाउन कला में 3 वर्ष पूर्व करोड़ों खर्च कर बनाई गई थी टंकी,पानी के लिए भटकती ग्रामीण जनता



**मऊगंज** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन फेल होता नजर आ रहा है। यह वही जिला है जहां बीते माह टेस्टिंग के दौरान पानी की टंकी ही धराशाई हो गई थी फिर भी जिम्मेदार विभाग के अधिकारी क्षेत्र की जनता को इस भीषण गर्मी में सरकार की योजना अनुसार पानी मुहैया कराने की बजाय अपनी करतूत छुपाने में लगे हुए हैं।जिले के हालात कुछ इस कदर है कि करोड़ों खर्च के बावजूद नल सूखे पड़े हैं।जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत जल है,वही अगर लोगों को साफ और सुरक्षित न मिले तो परेशानी हो जाती है। वैसे तो जिले में जहां देखा जाए वही एक जैसे हालात है लेकिन हनुमना जनपद के ग्रामीण इलाकों में कुछ ऐसा ही हाल है जहां करोड़ों रुपए की लागत से जल जीवन मिशन के तहत गांव- गांव में पानी की व्यवस्था की गई, लेकिन ज़मीनी सच्चाई कुछ और ही है गांवों में लगे नल सूखे पड़े हैं क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक जल जीवन मिशन की टंकियां आमजन मानस को पेयजल मुहैया कराने में अक्षम साबित हो रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत हनुमना मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत नाउन कला में देखने को मिला जहां करोड़ों रुपए की लागत से विगत 3 वर्ष पूर्व बनाई गई पानी की टंकी आज भी सूखी पड़ी नजर आती है घर-घर नल कनेक्शन के नाम पर नल की टोटी तक नहीं लगाई गई पूरी परियोजना बंद पड़ी हुई है लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बेहतर व्यवस्था के नाम पर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।कागजों में जनता को मिल रहा स्वच्छ जलहनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नाउन कला निवासी बैकुंठ प्रजापति एवं कमलेश विश्वकर्मा जैसे ग्रामीणों ने कहा कि यह मिशन सिर्फ कागजों में ही स्वच्छ जल पहुंचा रहा है, हकीकत में हम लोग एक बाल्टी पानी के लिए यहां वहां भटकने के लिए मजबूर है। इसी तरह जनपद पंचायत हनुमना के अन्य ग्रामीण इलाकों की हालत देखी जा सकती है यह जलजीवन मिशन की हर घर नल योजना मे 'हाथी के दांत' की तरह हो गई है, दिखाने के कुछ, काम करने के कुछ। जनपद क्षेत्र के चरैया सहित दर्जन भर ग्राम पंचायतों में नल जल योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकियां स्वयं पानी के लिए तरस रही है।गांवों में जिन नलों को जल जीवन मिशन के तहत लगाया गया था, उनमें से कई पूरी तरह से खराब हो चुके हैं।स्थानीय लोगों ने कहना है कि पानी की समस्या काफी लंबे समय से है क्षेत्रीय विधायक से लेकर जनपद अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से कई बार गुहार लगाया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई लोगों ने कहा यदि प्रशासन कागजी कार्यों को ना देख कर जमीनी हकीकत पर नजर दौड़ते हुए कार्य करें तो हम क्षेत्र वासियों को न केवल शुद्ध पेयजल नसीब होगा बल्कि नल जल योजना के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाले विभाग के जिम्मेदारों की करतूत भी सामने आ जाएगी। पेयजल व्यवस्था की लिखी जा रही झूठी गाथा जिले में जल जीवन मिशन के यह हाल तब है जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारीजल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने की गाथा लिख रहे हैं और आए दिन किसी बसाहट में कागजी सफलता की कहानी लिख रहे हैं लेकिन लिखी जा रही सफलता की कहानी की पोल खोलती जमीनी हकीकत की कहानी यह साबित करती है कि जल जीवन मिशन के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूपेण भूल चुके हैं और प्रशासनिक अधिकारियों को धोखे में रखकर जहां काम कर रहे हैं वहीं प्यासी जनता को पानी मुहैया कराने में असफल हैं। पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने कहा शासन प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से ले और जल्द से जल्द समाधान कराए, ताकि उन्हें साफ एवं शुद्ध पानी नसीब हो सके।

### बुजुर्ग का मोबाइल चोरी कर खाते से निकाली राशि

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलैया तलैया सब्जी मंडी में इन दिनों जालसाज और चोर सक्रिय हैं। यहां एक बुजुर्ग का मोबाइल चोरी कर उनके बैंक खाते से हजारों रुपए की राशि पार कर दी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार न्यू एसीसी कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय सुरेश कुमार चौधरी शनिवार शाम करीब 8:00 बजे सब्जी खरीदने मंडी गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश ने भीड़ का फायदा उठाकर उनका मोबाइल चोरी कर लिया। मोबाइल हाथ लगते ही शातिर अपराधी ने तकनीकी सेंधमारी कर बुजुर्ग के बैंक खाते तक पहुंच बना ली।

# पूरे क्षेत्र में "जय जय परशुराम" के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं ने हाथों में फरसा लेकर अपनी आस्था और उल्लास का अनोखा प्रदर्शन किया



**मऊगंज** शहर मे परशुराम जन्मोत्सव का सुभारंभ शंख बजाकर कस्तूरी तिलक से सभी समाजिक बंधुओ का स्वागत किया गयायह आयोजन शाम 3:00 बजे चाक मोड से प्रारंभ हुआ, जिसमें भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाकर रथ पर विराजमान किया गया। रथ को फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से भव्य रूप दिया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गायत्री मंदिर मे सम्पन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।यात्रा के दौरान भक्तजन पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन की विशेषता रही। भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने एकजुट होकर इस पर्व को मनाया।व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। यातायात प्रभारी एवं थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित किया। उनकी सजगता के चलते शोभा यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।इस अवसर पर आयोजक पंकज पांडे सहित कई प्रमुख श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, भक्ति और सामूहिक एकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला।मऊगंज में मनाई गई परशुराम जयंती न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं की जीवंत मिसाल भी प्रस्तुत कर गई।